an>

Title: Need to undertake repair of National Highway No. 80 in Bhagalpur district, Bihar and also convert in into four lane.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर) ः बिहार राज्य के भागलपुर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग सं.-80 की लगभग सभी सड़कें बिल्कुल ही क्षतिग्रस्त हैं तथा किसी भी प्रकार के वाहनों के आवागमन के लायक नहीं हैं। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं जिससे हमेशा दुर्घटना घटती रहती हैं तथा हर दिन जान-माल का भारी नुकसान हो रहा है। मात्र दो लेन की क्षतिग्रस्त सड़क होने के चलते सड़क पर जाम की स्थिति प्रायः बनी रहती है। आम जनता को इस सड़क से यात्रा करना काफी जोखिम भरा है। रोगी आदि के वाहन अस्पताल तक समय पर नहीं पहुँच पाते हैं तथा रास्ते में ही रोगी दम तोड़ देते हैं। इस क्षेत्र की जनता कई बार इसके चलते आंदोलित भी हो चुकी है। इस विषय को पूर्व में भी मेरे द्वारा सदन में उठाया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाये गए हैं जिसके चलते स्थिति और भी खराब होती जा रही है। मरम्मत का भी कोई कार्य नहीं कराये जाने से राष्ट्रीय राजमार्ग सं.-80 की स्थिति लगातार बद से बदतर होती जा रही है।

अतः जनहित में भारत सरकार से मेरी मांग है कि राष्ट्रीय राजमार्ग सं.-80 की खराब सड़क को प्राथमिकता के आधार पर वृहद पैमाने पर मरम्मत कार्य कराया जाये तथा दो लेन की सड़क को चार लेन में परिवर्तित करने के लिए मंजूरी देकर सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का आदेश दिया जाये।